INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# RAS

## RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

## प्रारंभिक + मुख्य परीक्षा हेतु

भाग – 6

## भारत + विश्व + राजस्थान का भूगोल

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**RAS (Rajasthan Administrative Service) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)"** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**Rajasthan State and Subordinate Services Combined Competitive Exams"** भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**Whatsapp Link-** https://wa.link/uwc5lp

**Online Order Link-** https://bit.ly/3X6MGue


| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| | विश्व भूगोल | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | अध्याय | पेज नं. |
| 1. | पृथ्वी की सरंचना एवं भू वैज्ञानिक समय सारिणी<br>• भूपर्पटी<br>• मेंटल<br>• पृथ्वी की आन्तरिक संरचना<br>• भू वैज्ञानिक समय सारिणी | 1 |
| 2. | प्रमुख स्थलाकृतियाँ / भौतिक भू – आकृतियाँ<br>• पर्वत<br>• पठार<br>• मैदान<br>• मरुस्थल | 7 |
| 3. | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें<br>• नदियों के किनारे बसे नगर<br>• विश्व की प्रमुख जलसन्धियाँ इत्यादि | 15 |
| 4. | भूकंप एवं ज्वालामुखी<br>• प्रकार<br>• वितरण<br>• इसका प्रभाव<br>• महाद्वीप | 21 |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | कृषि एवं इसके प्रकार<br>• कृषि के प्रकार<br>• विश्व की प्रमुख फसलें इत्यादि | 36 |
| 6. | प्रमुख औद्योगिक प्रदेश<br>• आकार पर आधारित उद्योग<br>• कच्चे माल पर आधारित उद्योग<br>• उद्योग को प्रभावित करने वाले कारक<br>• विश्व के प्रमुख उद्योग<br>• विश्व के प्रमुख औद्योगिक नगर | 41 |
| 7. | पर्यावरणीय मुद्दे<br>• पारिस्थिकी तंत्र<br>• प्रमुख पर्यावरणीय समस्याएं<br>• मरुस्थलीकरण<br>• वनोन्मूलन<br>• जलवायु परिवर्तन<br>• ग्लोबल वार्मिंग<br>• ओजोन अवक्षय<br>• जनसँख्या संकट<br>• भारत में सुधार के प्रयास | 46 |
| 8. | प्रमुख भू - राजनीतिक समस्याएं<br>• बदलता भू - परिदृश्य | 64 |

| | भारत का भूगोल | |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य परिचय<br>• अर्थ<br>• शाखाएं उपशाखाएँ<br>• सारांश<br>• परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 68 |
| 2. | भारत की स्थिति व विस्तार<br>• सामान्य परिचय<br>• क्षेत्रफल एवं विभिन्न रेखाएं<br>• पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमा<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 70 |
| 3. | प्रमुख स्थलाकृतियाँ / भौतिक भू - आकृतियाँ<br>• पर्वत<br>○ हिमालय, दर्रे एवं इसका वर्गीकरण<br>• मैदान<br>○ भाबर, खादर, तराई, बांगर, रेह इत्यादि<br>• पठार<br>○ मालवा का पठार<br>○ बुंदेलखंड<br>○ छोटानागपुर<br>○ बघेलखंड | 76 |

| | | |
|---|---|---|
| | ○ दंडकारणय<br>○ मेघालय या शिलोंग<br>○ विंध्यांचल पर्वत<br>○ सतपुड़ा पर्वत<br>○ पश्चिमी एवं पूर्वी  घाट<br>• मरुस्थल<br>• प्रमुख द्वीप<br>• तटवर्ती मैदान<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 4. | जलवायु<br>• मानसून तंत्र (भारत की जलवायु)<br>• वर्षा का वितरण<br>• मानसून की उत्पत्ति<br>• जलवायु की विशेषताएं<br>• जलवायु प्रदेश<br>• अल नीनो – ला नीना परिकल्पना<br>• कोपेन का जलवायु वर्गीकरण<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 95 |
| 5. | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें<br>• उद्गम के आधार पर<br>• हिमालय से निकलने वाली नदियाँ<br>• प्रायद्वीपीय नदियाँ | 108 |

| | | |
|---|---|---|
| | • समुद्र में जल विसर्जन के आधार पर<br>• अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ<br>• बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ<br>• भारत की प्रमुख झीलें<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 6. | प्राकृतिक संसाधन एवं इनका उपयोग<br>• मृदा संसाधन<br>• वन संसाधन<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 124 |
| 7. | प्रमुख फसलें (कृषि)<br>• गेहूँ, चावल, गन्ना, कपास, चाय, एवं कॉफ़ी इत्यादि<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 130 |
| 8. | प्रमुख खनिज संसाधन<br>• धात्विक एवं अधात्विक खनिज<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 138 |
| 9. | ऊर्जा संसाधन<br>• परम्परागत स्रोत<br>• गैर  परम्परागत स्रोत | 144 |

| | | |
|---|---|---|
| | • सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 10. | प्रमुख औद्योगिक प्रदेश<br>• विभिन्न महत्वपूर्ण उद्योग<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 150 |
| 11. | राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख परिवहन<br>• रेल परिवहन<br>• सड़क परिवहन<br>• वायु परिवहन<br>• जल परिवहन<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 163 |
| 12. | जनसंख्या – 2011<br>• वृद्धि<br>• वितरण<br>• घनत्व<br>• लिंगानुपात<br>• साक्षरता<br>• नगरीय एवं ग्रामीण जनसँख्या<br>• सारांश | 173 |
| | **राजस्थान का भूगोल** | |
| 1. | सामान्य परिचय<br>• राजस्थान की स्थिति<br>• सीमायें | 178 |

| | | |
|---|---|---|
| | • रेखाएं<br>• पड़ोसी राज्य<br>• प्राचीन भौगोलिक क्षेत्र इत्यादि<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 2. | प्रमुख भू – आकृतिक प्रदेश<br>• पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश (मरुस्थल)<br>• अरावली पर्वत माला (पर्वत)<br>• पूर्वी मैदानी भाग (मैदान)<br>• दक्षिणी पूर्वी पठारी प्रदेश (पठार)<br>• भू – आकृतिक प्रदेशों की विशेषताएं<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 197 |
| 3. | जलवायु<br>• जलवायु को प्रभावित करने वाले करक<br>• प्रमुख जलवायु प्रदेश<br>• जलवायु की विशेषताएं<br>• कोपेन का जलवायु का वर्गीकरण<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 209 |
| 4. | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें<br>• क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण<br>• अपवाह तंत्र के आधार पर वर्गीकरण<br>○ बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ<br>○ अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ | 221 |

| | | |
|---|---|---|
| | • नदियाँ एवं उनके किनारे बसे प्रमुख नगर<br>• राजस्थान में जिलेवार नदियाँ<br>• राजस्थान की प्रमुख झीलें<br>○ खारे पानी की झीलें<br>○ मीठे पानी की झीलें<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 5. | प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्यजीव<br>• राज्य में प्रमुख वनस्पतियों के प्रकार<br>• वन्यजीव अभ्यारण्य<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 242 |
| 6. | मृदा<br>• मृदा का वर्गीकरण<br>• सामान्य वर्गीकरण<br>• अमेरिकी वैज्ञानिकों के आधार पर<br>• मृदा अपरदन<br>• मृदा अपरदन को रोकने के उपाय<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 252 |
| 7. | प्रमुख फसलें<br>• गेहूँ, मक्का, जौ, कपास, गन्ना, बाजरा इत्यादि<br>• राजस्थान में कृषि पद्धतियाँ<br>• फसलों का उत्पादन, वितरण इत्यादि | 258 |

| | | |
|---|---|---|
| | • कृषि जलवायु क्षेत्र<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 8. | राजस्थान में पशुपालन<br>• 20 वीं पशुगणना<br>• डेयरी विकास<br>• प्रमुख पशु मेले<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 269 |
| 9. | प्रमुख उद्योग<br>• सूती वस्त्र उद्योग, चीनी उद्योग, सीमेंट उद्योग, कांच उद्योग, ऊन उद्योग, नमक उद्योग, रासायनिक उद्योग इत्यादि<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 277 |
| 10. | प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 280 |
| 11. | जनसंख्या<br>• महत्त्वपूर्ण आंकड़े<br>○ वृद्धि<br>○ घनत्व<br>○ साक्षरता<br>○ लिंगानुपात<br>• प्रमुख जनजातियाँ | 289 |

| | | |
|---|---|---|
| | • सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | |
| 12. | खनिज<br>• खनिजों के प्रकार<br>○ धात्विक खनिज<br>○ अधात्विक खनिज<br>• प्रमुख खनिज भंडार<br>• खनिजों का वितरण<br>• खनिजों का औद्योगिक उपयोग<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 300 |
| 13. | ऊर्जा संसाधन<br>• परम्परागत स्रोत<br>• गैर परम्परागत स्रोत<br>• राजस्थान में ऊर्जा विकास<br>• राजस्थान में ऊर्जा की अधिष्ठापित उत्पादन क्षमता<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 312 |
| 14. | वन्य जीव एवं जैव विविधता और इनका संरक्षण<br>• चुनौतियाँ एवं सरंक्षण<br>• मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 322 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | पर्यटन स्थल एवं परिपथ<br>• राज्य में पर्यटन<br>• राजस्थान में पर्यटन नीति 2020<br>○ महत्वपूर्ण नवीनतम आंकड़ें<br>• राजस्थान में पर्यटन विकास<br>• परिपथ, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, वायु सेवा<br>• विभिन्न सड़क योजनायें<br>• सारांश<br>• प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 326 |
| 16. | यूनेस्को की भू - पार्क एवं भू - धरोहर स्थल संकल्पना<br>• राजस्थान में संभावनाएं<br>• मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 342 |
| 17. | प्रमुख पर्यावरणीय सम्बन्धी मुद्दे<br>• मुख्य परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न | 343 |

# विश्व भूगोल

## अध्याय – 1

## पृथ्वी की संरचना एवं भूवैज्ञानिक समय सारिणी

'भूकंपीय तरंगों के विभिन्न प्रकार की चट्टानों से संचरित होने और उनके व्यवहार में होने वाले परिवर्तन के आधार पर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि पृथ्वी का आंतरिक भाग निम्नलिखित तीन प्रमुख संकेन्द्रीय परतों में विभक्त है:

- भूपर्पटी या क्रस्ट (Crust)
- मेंटल (Mantle)
- कोर (Core)

### भूपर्पटी या क्रस्ट

यह पृथ्वी की सबसे बाह्य परत है। क्रस्ट अन्य दो परतों की तुलना में अधिक पतली, ठोस, कठोर तथा भंगुर (Brittle) प्रकृति की होती है। क्रस्ट की मोटाई सभी जगह एक समान नहीं है। महासागरीय क्रस्ट की मोटाई महाद्वीपीय क्रस्ट की तुलना में कम है। महासागरों के नीचे इसकी औसत मोटाई लगभग 5 किमी. है, जबकि महाद्वीपों के नीचे यह 30 किमी. तक विस्तृत होती है। पर्वत श्रृंखलाओं के क्षेत्र में यह मोटाई और भी अधिक है। हिमालय पर्वत श्रेणियों के नीचे क्रस्ट की मोटाई लगभग 70 किमी तक है। महाद्वीपीय क्रस्ट अधिकांशतः प्राचीन और आर्कियन है जबकि महासागरीय क्रस्ट का निर्माण जुरैसिक काल के बाद हुआ है।

क्रस्ट को दो भागों में विभाजित किया जाता है:

- **ऊपरी क्रस्ट**: क्रस्ट की ऊपरी परत ऐसी चट्टानों से मिलकर बनी है जिनका अधिकांश भाग सिलिका और एल्यूमिनियम से बना है। इसलिए इसे सियाल (SIAL= Silica + Aluminum) कहा जाता है। इस प्रकार, महाद्वीपों का अधिकांश भाग सियाल का बना हुआ है। इसका औसत घनत्व 2.7 g/cm3 है और मोटाई लगभग 28 किमी है।
- **निचली क्रस्ट**: क्रस्ट की निचली परत अपेक्षाकृत भारी चट्टानों से निर्मित है। जिसमें मूलरूप से सिलिका (Si) और मैग्नीशियम (Mg) की प्रधानता है। इसलिए इस भाग को सीमा (SIMA= Silica + Magnesium) कहा जाता है। महासागरीय भूपटल इसी प्रकार के चट्टानी संस्तर से बना हुआ है। इसकी औसत मोटाई 6-7 किमी और घनत्व लगभग 3.0g/cm3 है। सियाल और सीमा की मोटाई संयुक्त रूप से 70 किमी से अधिक नहीं है तथा यह पृथ्वी के समस्त आयतन का लगभग 1% है। पृथ्वी की त्रिज्या लगभग 6378 किमी. है इसकी तुलना में क्रस्ट की मोटाई नगण्य है।

### मेंटल

- कोर से ऊपर तथा क्रस्ट के नीचे एक मोटी मध्यवर्ती परत है जिसे मेंटल कहा जाता है। इसकी मोटाई 2900 किमी है। इसका आयतन समस्त पृथ्वी के आयतन का 83% है। क्रस्ट के निचले भाग में P तरंगों की गति 6.4 km/s बढ़कर 8 km/s हो जाती है। P-तरंगों के वेग में यह परिवर्तन क्रस्ट तथा मैंटल के मध्य एक असंबद्धता को प्रदर्शित करता है। इसे मोहो असंबद्धता या मोहोरोविकिक असंबद्धता के नाम से जाना जाता है।
- मैंटल को मुख्य रूप से दो भागों में बांटा जा सकता है:- नीचे स्थित मध्यमंडल (Mesosphere) तथा इसके ऊपर स्थित दुर्बलतामंडल या एस्थेनोस्फेयर (Asthenosphere)
- 'एस्टेनो' शब्द का अर्थ दुर्बलता से है। इसका विस्तार 400 किमी तक आँका गया है। ज्वालामुखी उद्गार के दौरान जो लावा धरातल पर पहुँचता है,उसका मुख्य स्रोत दुर्बलतामंडल है। मेंटल पृथ्वी के आन्तरिक भागों में होने वाली सभी प्रक्रियाओं में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- दुर्बलतामंडल का निचला भाग भी मध्यमंडल की तरह ठोस है, किन्तु ऊपरी भाग प्लास्टिक और आंशिक रूप से पिघली हुई अवस्था में पाया जाता है। दुर्बलतामंडल में भूकंपीय तरंगों का वेग कम हो जाता है अतः इसे निम्न वेग प्रदेश (Low Velocity Zone) भी कहते हैं।
- मेंटल उच्च घनत्व वाले पदार्थों जैसे ऑक्सीजन, लोहा और मैग्नीशियम से निर्मित है। मेंटल के पदार्थों के औसत घनत्व में 3.5 g/cm3 से 5.5 g/cm3 के बीच परिवर्तन होता है। इस परत का तापमान 900 0C से 2200 0C के बीच होता है। इसका कारण मैग्मा की उपस्थिति है। ऊपरी परत का दबाव क्रस्ट के निचले हिस्से और मेंटल के ऊपरी हिस्से को लगभग एक ठोस रूप प्रदान करता है। यदि यह दबाव जारी रहता है तो पृथ्वी के अंदर से पिघला हुआ मैग्मा क्रस्ट की दरारों से ज्वालामुखी विस्फोट के माध्यम से सतह तक पहुंचने का प्रयास करता है।
- संवहन धाराओं की उत्पत्ति दुर्बलतामंडल में होती है। जो महाद्वीपीय प्रवाह, भूकंप, ज्वालामुखी आदि जैसी घटनाओं के लिए ऊर्जा की आपूर्ति करता है।

असंबद्धता का आशय ऐसे सतह से है, जहाँ पर भूकंपीय तरंगों की गति अचानक परिवर्तित हो जाती है, इस परिवर्तन का कारण पृथ्वी की भौतिक रासायनिक संरचना में आया परिवर्तन है। भूकंपीय असम्बद्धता भी पृथ्वी की आतंरिक संरचना को समझने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुई है। कुछ प्रमुख भूकंपीय असंबद्धताएं निम्नलिखित हैं:-

- **कोनार्ड असंबद्धता** - बाह्य क्रस्ट एवं आतंरिक क्रस्ट के मध्य
- **मोहो असंबद्धता** - आतंरिक क्रस्ट एवं बाह्य मैंटल के मध्य
- **रेपिटी असंबद्धता** - बाह्य मैंटल एवं आतंरिक मैंटल के मध्य
- **गुटेनबर्ग विशार्ट असंबद्धता**- आतंरिक मैंटल एवं बाह्य कोर के मध्य
- **लहमेन असंबद्धता**- बाह्य कोर एवं आतंरिक कोर के मध्य

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## ❖ पृथ्वी की आंतरिक संरचना

**कोर:-** यह पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग है, जो मेंटल के नीचे पृथ्वी के केंद्र तक पाया जाता है। इसका विस्तार 2900 किमी की गहराई से पृथ्वी के केंद्र तक है। यह पृथ्वी की सबसे आन्तरिक परत है जिसका प्रारंभ गुटेनबर्ग असंबद्धता से होता है। अर्थात गुटेनबर्ग असंबद्धता (2900 किमी) के द्वारा कोर तथा मेंटल को विभक्त करती है। कोर को दो उपभागों में विभक्त किया जाता है:

(1)बाह्य कोर (2)आंतरिक कोर

- बाह्य कोर का विस्तार 2900 किमी. की गहराई से 5150 किमी. तक है जिसका औसत घनत्व 10 g/cm है। बाह्य कोर संभवतः पूरी तरह से तरल या अर्द्ध-तरल अवस्था में है। S तरंगें, गुटेनबर्ग असम्बद्धता पर विलुप्त हो जाती हैं।
- आन्तरिक कोर ठोस अवस्था में है, जिसका विस्तार 5150 किमी की गहराई से पृथ्वी के केंद्र (6378 किमी गहराई) तक है। P-तरंगों की गति बाह्य और आंतरिक कोर की सीमा पर बढ़ जाती है। यहाँ कोर का घनत्व 12-13 g/cm3 के बीच है। कोर पृथ्वी के समस्त आयतन का 16% और द्रव्यमान का 32% है। कोर मुख्य रूप से लोहे और निकेल जैसे भारी धातुओं से बना है। इसलिए इस हिस्से को निफे (NIFE = Nickel + Ferrous) कहा जाता है। इसे बैरीस्फीयर भी कहा जाता है।




**उच्च तापमान के पश्चात् भी आतंरिक कोर ठोस अवस्था में कैसे रह पाता हैं?**

- पृथ्वी का केंद्र अत्यधिक तप्त है और इसका तापमान सूर्य की तुलना में भी अधिक है। ऐसे में सैद्धांतिक रूप से इतने उच्च तापमान पर पदार्थ गैस और तरल अवस्था में मौजूद होते हैं, लेकिन पृथ्वी का आंतरिक कोर ठोस अवस्था में हैं।
- वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसा पृथ्वी के केंद्र में लोहे के क्रिस्टलीय बॉल' जैसी परमाण्विक संरचना के कारण हो सकता है, जिसके कारण उच्च तापमान और दबाव के बावजूद आंतरिक कोर ठोस बना रहता है।
- KTH रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अनुसंधानकर्ताओं ने पृथ्वी की सतह से लगभग 6,400 किलोमीटर नीचे पृथ्वी के केंद्र में होने वाली वायुमंडलीय प्रक्रियाओं के समान स्थिति निर्मित करने हेतु ट्रियोलिथ (स्विडिश सुपर कंप्यूटर) का प्रयोग किया।
- धातुओं की परमाण्विक संरचना तापमान और दबाव के साथ परिवर्तित होती रहती हैं। सामान्य तापमान और दाब पर लोहा बॉडी सेंटर्ड क्यूबिक (BCC) अवस्था में रहता है, लेकिन जब उच्च दबाब की स्थिति में यह एक हेक्सागोनल क्लोज्ड पैक्ड (HCP) अवस्था में चला जाता है।
- यह अब तक माना जाता है कि पृथ्वी के केंद्र के भीतर BCC अवस्था के अस्तित्व के लिए स्थिति बहुत अस्थिर थी और कोर में स्थित लोहा HCP अवस्था में पाया जाता है लेकिन नए शोध के अनुसार, केंद्र का अधिक ताप BCC अवस्था को परिवर्तित नहीं करता है अपितु उसको और अधिक मजबूत करता है।
- आंतरिक कोर की संरचना में 96 प्रतिशत के लगभग शुद्ध लोहा तथा शेष भाग निकल तथा कुछ अन्य धातुओं से निर्मित होता है। आंतरिक कोर जैसी अवस्थिति में BCC अवस्था में लोहा के परमाणु 'परमाण्विक विसरण' की प्रक्रिया दर्शाते हैं, इस कारण यद्यपि क्रिस्टल संरचना तो भंग हो जाती है लेकिन लोहे की BCC अवस्था बनी रहती है।
- 'परमाण्विक विसरण' में आंतरिक कोर के किनारों पर अत्यधिक उच्च दबाव के कारण क्रिस्टल संरचना के टुकड़े अपने मूल विन्यास में पुनप्रवेश के लिए लगातार पिघलते और प्रसारित होते रहते हैं। यह ऊर्जा वितरण चक्र (एनर्जी डिस्ट्रीब्यूशन साईकल) क्रिस्टल को स्थिर और कोर को ठोस बनाये रखता है।

**पृथ्वी के कोर में जेट स्ट्रीम**

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) के स्वार्म उपग्रहों ने पृथ्वी के आंतरिक भाग के बाह्य कोर में जेट स्ट्रीम की उपस्थिति की खोज की है। स्वार्म उपग्रह (Swarm satellites) पृथ्वी के कोर, पर्पटी, महासागरों, मैंटल, आयनमंडल और चुम्बकीय मंडल (magnetosphere) के कारण उत्पन्न विभिन्न चुंबकीय क्षेत्रों का आकलन और निगरानी करते हैं।
- यह जेट स्ट्रीम पिघले हुए लोहे के त्वरणशील बैंड की तरह हैं, जो उत्तरी ध्रुव के चक्कर लगाती है। यह वायुमंडल में बहने वाली जेट स्ट्रीम के समान होती है।
- इस खोज से वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आंतरिक भाग की प्रक्रियाओं के बारे में और अधिक समझने में मदद मिलेगी तथा भूकंप एवं ज्वालामुखी जैसी घटनाओं के गहन शोध में भी मदद मिलेगी।
- यह पूर्व में सम्पन्न एक अनुसंधान को प्रमाणित करती है जिसमें यह खोज की गयी थी कि उत्तरी गोलार्द्ध में विशेष रूप से अलास्का और साइबेरिया के नीचे बाह्य कोर में लोहा (iron) तुलनात्मक रूप से तीव्रता से गतिशील है।

## ❖ पृथ्वी की आतंरिक संरचना का संक्षेप में विवरण

| परत | सापेक्षिक अवस्थिति | घनत्व | रासायनिक संगठन |
|---|---|---|---|
| क्रस्ट | सबसे बाह्य परत 50 से 70 किमी. की गहराई तक विस्तृत महाद्वीपों के निचे अधिक मोटी, क्रस्ट एवं ऊपरी मैंटल को सम्मिलित रूप से लिथोस्फेयर कहा जाता है। | न्यूनतम घनत्व, महासागरीय (बेसाल्ट) महाद्वीपीय क्रस्ट (ग्रेनाइट) की तुलना में अधिक घनत्व वाला है। 2.75 - 2.90g/cm³ | इसके अंतर्गत हल्के तत्व Si, O, Al, Ca, K, Na, आदि शामिल हैं। फेल्डस्पर सामान्य रूप से पाया जाने वाला खनिज है। |
| मेंटल | मध्यवर्ती परत तथा सबसे मोटी परत, उपरी भाग एसथेनोस्फेयर कहा जाता है। ऊपरी मैंटल (मोहो से 410 किमी तक) । मध्यवर्ती क्षेत्र (410 से 660 किमी) आन्तरिक मैंटल (660 से 2891 किमी) | गहराई बढ़ने के साथ आरोपित दबाव में वृद्धि से घनत्व में वृद्धि होती है। 3.4-5.6g/cm³ | यह क्रस्ट के समान ही सिलिकन और ऑक्सीजन से बना हुआ है लेकिन । इसमें लोहा और मैग्नेशियम की प्रधानता है।<br>इसमें ओलीवाइन और पाइरॉक्सीन प्रचुर मात्रा में मिलता है।<br>कुछ सीमा तक ठोस और कुछ सीमा तक प्लास्टिक के गुण।<br>गलनांक बिंदु के पास इसका व्यवहार भारी ठोस पदार्थ की तरह होता है। |
| कोर | बेरीस्फीयर या आतंरिक परत । (2900- 5150 किमी. बाह्य कोर) तथा (5150 से 6378 किमी. आतंरिक कोर) | भारी धात्विक तत्वों से निर्मित, अधिकतम घनत्व युक्त परत 5.10 - 13.00g/cm³ | निफे (NIFE) तरल या प्लास्टिक अवस्था में लेकिन अत्यधिक ऊपरी दबाव के कारण कठोर |

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

### पृथ्वी की आंतरिक संरचना के बारे में विभिन्न परिकल्पनाएं

### स्वेस की परिकल्पना

**स्वेस** (1835-1909) नामक भूगर्भशास्त्री ने पृथ्वी के रासायनिक संगठन के आधार पर पृथ्वी की उपरी परतदार चट्टानों के नीचे तीन परतों की स्थिति का उल्लेख किया है, ये हैं- सियाल, सीमा, निफ़े ।

**सियाल**- अवसादी शैलों के नीचे सियाल की परत पायी जाती है । इसकी रचना सिलिका (si-Silica) एवं एल्युमिनियम (al-Aluminium) से हुई है । इसकी औसत गहराई 50-300 कि.मी. तथा घनत्व 2.75 से 2.90 तक है। सियाल में पोटेशीयम, सोडियम एवं एल्युमिनियम के सिलिकेट अधिक हैं । महाद्वीपों का निर्माण सियाल से ही हुआ है ।

**सीमा**- यह सियाल के नीचे की परत है। इसमें सिलिका और मेगनीशियम (si-ma) की अधिकता पायी जाती है। इसकी गहराई 1000 से 2000 कि.मी. तक है। इस परत का घनत्व 2.90 से 4.75 है । इसमें क्षारीय अंश की प्रधानता पायी जाती है।

**निफे**- यह सीमा के नीचे की परत है । इसमें निकेल (Nickle-Ne)एवं लोहा (Ferrous-fe) की प्रधानता पायी जाती है। इस परत का घनत्व 11 से 13 होता है । पृथ्वी के आंतरिक कोर में लोहे की उपस्थिति पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति को प्रमाणित करती है ।




### डेली की परिकल्पना

डेली ने तीन स्तरों को मान्यता प्रदान की है-

**बाहरी परत**- यह सिलीकेट से निर्मित है। इसका घनत्व 3 तथा इसकी मोटाई 1600 कि.मी. है।

**मध्यवर्ती परत**- यह लोहे एवं सिलीकेट से निर्मित है। इसका घनत्व 4.5 से 9 तथा इसकी मोटाई 1280 कि.मी. है।

**केंद्रीय क्षेत्र**- यह लोह पदार्थ से बनी है। इसका घनत्व 16 एवं मोटाई 7040 कि.मी. है।

**हेराल्ड जेफ्री परिकल्पना**

हेराल्ड जेफ्री द्वारा 4 परतों को मान्यता दी गयी है-

1. बाहरी या अवसादी परत
2. ग्रेनाईट परत
3. थैकीलाइट या डायोराइट परत
4. ड्यूनाईट, पिरीडोटाइट या इक्लोजाईट परत

**भूवैज्ञानिक समय सारणी**

पृथ्वी का निर्माण आज से करीब 450 करोड़ वर्ष पूर्व हुआ। तब से लेकर आज तक के इतिहास में पृथ्वी पर अनेकों क्रमिक परिवर्तन हुए, इन क्रमिक परिवर्तनों के समय सीमा युक्त अध्ययन को भूवैज्ञानिक समय सारणी कहते हैं। अथवा पृथ्वी के इतिहास की घटनाओं का कैलेंडर भूवैज्ञानिक समय सारणी कहलाता है।

| पृथ्वी के सम्पूर्ण जीवन काल को 5 महाकल्पों(era) का 4 युगों(epoch) तथा 16 कल्पों(period) में वर्गीकृत किया गया। कल्प (Era) | युग (Epoch) | शक(Period) | कल्प के प्रारम्भ होने का समय |
|---|---|---|---|
| 1. एजोइक | | 1. प्री केम्ब्रियन या एलोगोनिकन<br>2. आर्कियन | |
| 2. पेल्योजोइक | प्रथम युग (Primary) | 1. केम्ब्रियन<br>2. आर्डोविसियन<br>3. सिल्युरियन<br>4. डिवोनियन<br>5. कार्बोनिफेरस<br>6. पर्मियन | 600 मिलियन वर्ष पूर्व |
| 3. मेसोजोइक | द्वितीय युग (Secondary) | 1. ट्रियासिक<br>2. जुरैसिक<br>3. क्रिटेसियस | 225 मिलियन वर्ष पूर्व |
| 4. सेनोजोइक | तृतीय युग (Tertiary) | 1. इयोसीन<br>2. ओलिगोसिन<br>3. मायोसीन<br>4. प्लायोसिन | 70 मिलियन वर्ष पूर्व |
| 5. निओजोइक | चर्तुथ युग (Quarternary) | 1. प्लीस्टोसीन<br>2. होलोसीन | 1 मिलियन वर्ष पूर्व |

1. **प्री पेलियोजोइक महाकल्प** Pre palaeozoic (Azoic)era: यह सबसे प्राचीनतम महाकल्प है, जिसका समय काल 4.6 अरबवर्ष पूर्व से 60 करोड़ 600 वर्ष पूर्व तक माना जाता है. इसके अंतर्गत दो कल्प आते हैं-:

(1) प्रीकैंब्रियन कल्प (2)आर्कियन कल्प

**(1) प्रीकैंब्रियन (प्रोटोरोजोइक) कल्प**

इस कल्प में पृथ्वी तरलावस्था से ठोस अवस्था में परिवर्तित हुई जिससे भू-पटल का निर्माण हुआ।

पृथ्वी के ठण्डे होने से जलवाष्प कणों का निर्माण एवं तीव्र वर्षा हुई, जिससे महासागरों का विकास हुआ। किंतु महासागरों में गर्म जल था।

चर्नियन हलचल से अरावली, धारवाड़, छोटानागपुर, कुटप्पा, लारेशियन पर्वत का निर्माण हुआ।

**(2) आर्कियन कल्प**

यह सबसे प्राचीनतम कल्प है।

इस युग में ग्रेनाइट एवं नीस चट्टानों की प्रधानता थी। इस कल्प में जीवों की उत्पत्ति नहीं हुई थी अर्थात यह जीव रहित कल्प था।

**2. पुराजीवी महाकल्प (Paleozoic Era):**

इसे प्राथमिक युग भी कहा जाता है। इसका समय काल लगभग 600मिलियन वर्ष से 230 मिलियन वर्ष तक रहा। इसे 6 कल्पों में विभाजित किया जा सकता है-:

1. कैंब्रियन कल्प

## अध्याय – 3

## प्रमुख नदियाँ एवं झीलें

### नदियाँ

- जिस स्थान पर नदी जन्म लेती है, उसे नदी का उद्गम स्थान कहा जाता है।
- जिस स्थान पर नदी सागर या किसी बड़ी झील में जाकर गिरती है, उसे नदी का मुख या मुहाना कहते हैं।
- जिस मार्ग से नदी की धारा गुजरती है, उसे नदी घाटी कहा जाता है।
- नदी घाटी के विकास में जब सहायक नदियाँ मुख्य नदी से आकर मिलती हैं तो अपवाह बेसिन (Drainage System) का निर्माण होता है।
- दो अपवाह बेसिनों के बीच के उच्च भाग को जल विभाजक (Watershed or Water Divider) कहते हैं।
- भारत की पश्चिमी घाट की पर्वत श्रेणी जल-विभाजक का काम करती है ।
  - क्योंकि इसके पूर्व में बहने वाली नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं, जबकि पश्चिम में बहने वाली नदियाँ अरब सागर में गिरती हैं।
- वह क्षेत्र, जिसमें से होकर नदी बहती है और जल ग्रहण करती है, नदी का अपवाह क्षेत्र (Catchment Area) कहलाता है।
- प्रारंभिक भौतिक ढ़ाल पर बहने वाली नदी को अनुवर्ती नदी (Conseqment Stream) कहते हैं।
- अनुवर्ती नदी में मिलने वाली सहायक नदी को परवर्ती नदी कहते हैं।
- ऑक्सीजन द्वारा शैलों पर होने वाले प्रभाव को ऑक्सीकरण कहते हैं।
- जब जल में घुला हुआ कार्बन चट्टानों पर प्रभाव डालता है तो उसे कार्बोनीकरण कहा जाता है।
- जब हाइड्रोजन जल में मिलकर चट्टानों का अपक्षय करती है तो इसे जलयोजन (Hydration) कहते हैं।
- भारत में सिन्धु नदी द्वारा सिन्धु गार्ज, सतलज नदी द्वारा शिपकी-ला गार्ज तथा ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा कोरबा गार्ज का निर्माण हुआ है।
- सं. रा. अमेरिका में कोलोरैडो नदी के शुष्क पठार पर कोलोरैडो नदी द्वारा निर्मित कोलोरैडो कैनियन विश्व में सबसे अधिक प्रसिद्ध कैनियन है।
- भेड़ा गार्ज (भेड़ा घाट, जबलपुर) भारत का सबसे बड़ा संगमरमर का गार्ज है।
- भारत में कर्नाटक राज्य में शरावती नदी पर स्थित जोग या गरसोप्पा जल प्रपात 260 मीटर की ऊँचाई से गिरता है।
- हुंडरू जलप्रपात स्वर्णरेखा नदी पर स्थित है।
- कपिलधारा जलप्रपात मध्य प्रदेश के अनुपुर जिले में नर्मदा नदी पर स्थित है। शिवसमुद्रम जलप्रपात कर्नाटक के माण्ड्या जिले में कावेरी नदी पर अवस्थित है।

### विश्व की प्रमुख झीलें नदियाँ

| नाम | उद्गम स्थान | गिरने का स्थान | लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|---|
| 1. नील | विक्टोरिया झील (बुरुंडी) | भूमध्य सागर | 6,690 |
| 2. अमेजन | लैंगो विलफेरो | अटलांटिक महासागर | 6,296 |
| 3. मिसीसिपी-मिसौरी | रेड रॉक स्रोत (अमेरिका) | मैक्सिको की खाड़ी | 6,240 |
| 4. यांग्सी | तिब्बत का पठार | चीन सागर | 5,797 |
| 5. ओबे | अल्टाई पर्वत | ओब की खाड़ी | 5,567 |
| 6. ह्वांगहो | क्युनलुन पर्वत | चिहिल की खाड़ी | 4,667 |
| 7. येनिसी | राम्नु-ओला पर्वत | आर्कटिक महासागर | 4,506 |
| 8. काँगो | लूआलया व लआपूला के संगम | अटलांटिक महासागर | 4,371 |
| 9. आमूर | शिल्का रूस आरगून के संगम | टार्टर स्ट्रेट | 4,352 |
| 10. लीना | बेकाल पर्वत (रूस) | आर्कटिक महासागर | 4,268 |
| 11. मेकेंजी | फिनले नदी के मुहाने से | ब्यूफोर्ट सागर | 4,241 |
| 12. नाइजर | गिनी (अफ्रीका) | गिनी की खाड़ी | 4,184 |
| 13. मीकांग | तिब्बत के पठार | दक्षिणी चीन सागर | 4,023 |




***<u>कोपेन का जलवायु वर्गीकरण</u>***

- *कोपेन द्वारा जलवायु के वर्गीकरण में आनुभविक पद्धति का व्यापक उपयोग किया गया है।*
- *कोपेन ने सर्वप्रथम 1918 में और पूर्ण रूप से 1936 में विश्व जलवायु का वर्गीकरण प्रस्तुत किया।*
- *उन्होंने तापमान तथा वर्षण के कुछ निश्चित मानों का चयन करते हुए उनका वनस्पति के वितरण से संबंध स्थापित किया और इन मानों के आधार पर जलवायु का वर्गीकरण प्रस्तुत किया।*
- *कोपेन ने मोटे तौर पर जलवायु के पाँच मुख्य वर्ग बनाए और प्रत्येक वर्ग को अंग्रेज़ी के एक बड़े अक्षर A, B, C, D और E द्वारा नामांकित किया।*
- *उन्होंने इन जलवायु समूहों को तापक्रम एवं वर्षा की मौसमी विशेषताओं के आधार पर कई उप-प्रकारों में विभाजित किया जिन्हें अंग्रेज़ी के छोटे अक्षरों द्वारा अभिहित किया।*
- *कोपेन ने शुष्कता वाले मौसमों को छोटे अक्षरों f, m, w तथा s से प्रदर्शित किया।*
- *इसमें f शुष्क मौसम के न होने को m मानसून जलवायु को w शुष्क शीत ऋतु को तथा s शुष्क ग्रीष्म ऋतु को दर्शाता है।*
- *a, b, c तथा d का प्रयोग तापमान की उग्रता वाले भाग को दर्शाने के लिये किया गया है।*

| जलवायु | प्रकार | क्षेत्र व विशेषता |
|---|---|---|
| I. लघु शुष्क ऋतु सहित मानसूनी जलवायु | AMW | • ऐसी जलवायु मुम्बई के दक्षिण में पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में पायी जाती हैं। इन क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिमी मानसून से ग्रीष्म ऋतु में 250-300 सेमी. से अधिक वर्षा होती है।<br>• मालाबार एवं कोंकण तट, गोवा के दक्षिण तथा पश्चिमी घाट पर्वत का पश्चिमी ढाल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह |
| उष्ण कटिबंधीय सवाना जलवायु प्रदेश | AW | • यह जलवायु कोरोमण्डल एवं मालाबार तटीय क्षेत्रों के अतिरिक्त प्रायद्वीपीय पठार के अधिकांश भागों में पायी जाती है।<br>• अर्थात् यह जलवायु कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित प्रायद्वीपीय भारत के अधिकांश भागों में पायी जाती है।<br>• यहाँ सवाना प्रकार की वनस्पति पायी जाती है। इस प्रकार के प्रदेश में ग्रीष्मकाल में दक्षिण-पश्चिम मानसून से लगभग 75 सेमी. वर्षा होती है जबकि शीत काल सूखा रहता है। |
| शुष्क ग्रीष्म ऋतु एवं आर्द्र शीत ऋतु मानसूनी जलवायु | AS | • यहाँ शीतकाल में वर्षा होती हैं और ग्रीष्म ऋतु शुष्क रहती है।<br>• यहाँ शीत ऋतु में उत्तर-पूर्वी मानसून (लौटते हुए मानसून) से अधिकांश वर्षा होती है। वर्षा ऋतु की मात्रा शीतकाल में लगभग 75-100 सेमी. होती है<br>• इसके अन्तर्गत तटीय तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती प्रदेश आते हैं। |
| अर्द्ध शुष्क स्टेपी जलवायु | BShw | • यहाँ ग्रीष्म काल में 30-60 सेमी. वर्षा होती हैं।<br>• शीत काल में वर्षा का अभाव रहता है।<br>• यहाँ स्टेपी प्रकार की वनस्पति पायी जाती है।<br>• इसके अन्तर्गत मध्यवर्ती राजस्थान, पश्चिमी पंजाब, हरियाणा, गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्र एवं पश्चिमी घाट के वृष्टि छाया प्रदेश शामिल हैं। |
| उष्ण मरुस्थलीय जलवायु | BWhw | • यहाँ वर्षा काफी कम (30 सेमी. से भी कम) होती हैं तापमान अधिक रहता है।<br>• यहाँ प्राकृतिक वनस्पति कम होती है एवं काँटेदार मरुस्थलीय वनस्पति पायी जाती है।<br>• इस प्रदेश के अंतर्गत राजस्थान का पश्चिमी क्षेत्र उत्तरी, गुजरात एवं हरियाणा का दक्षिणी भाग शामिल हैं। |
| शुष्क शीत ऋतु की मानसूनी जलवायु | Cwg | • इस प्रकार की जलवायु गंगा के अधिकांश मैदानी भागों पूर्वी राजस्थान, असम और मालवा के पठारी भागों में पायी जाती है।<br>• यहाँ गर्मी में तापमान 40°C तक बढ़ जाता है जो शीतकाल में 27°C तक पहुँच जाता है। वर्षा मुख्यतः ग्रीष्म ऋतु में होती है तथा शीत काल शुष्क रहता है। |
| लघु ग्रीष्मकाल युक्त शीत आर्द्र जलवायु | Dfc | • इस प्रकार की जलवायु सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और असम हिमालय के पूर्वी भागों में पायी जाती है।<br>• शीत काल ठण्डा, आर्द्र एवं लंबी अवधि का होता है तथा शीतकाल में यहां तापमान 10°C तक होता है। |
| टुण्ड्रा तुल्य जलवायु | ET | • यहाँ तापमान वर्षभर 10°C से कम रहता है।<br>• शीत काल में हिमपात के रूप में वर्षा होती है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्र, कश्मीर, लद्दाख एवं हिमाचल प्रदेश के 3000 से 5000 मी. ऊँचाई वाले क्षेत्र शामिल हैं। |
| ध्रुवीय तुल्य जलवायु | E | • यहाँ तापमान वर्ष भर 0°C से कम (हिमाच्छदित प्रदेश) होता है। इसके अन्तर्गत हिमालय के पश्चिमी और मध्यवर्ती भाग में 5000 मी. से अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल CS प्रदेश) शामिल हैं। |

**अभ्यास प्रश्न**

**1. जैट स्ट्रीम जिसका अंग है, वह है**
(A) विभिन्न वायुपुंज
(B) वाताग्र
(C) चक्रवात
(D) उच्चस्तरीय वायु संचरण **(D)**

**2. मानसून की उत्पत्ति के विषय में पारम्परिक अवधारणा है**
(A) जैट स्ट्रीम परिकल्पना
(B) अन्तर- उष्ण कटिबन्धीय अभिसरण परिकल्पना
(C) संस्थापित परिकल्पना
(D) अल नीनो - ला नीना प्रभाव **(C)**

**3. विभिन्न वायुपुंजों के मिलने से बने वाताग्रों के कारण मानसून की उत्पत्ति जिस विद्वान ने मानी है, वह है**
(A) फ्लोन (B) कोटेश्वरम
(C) स्पेट (D) हैमिल्टन **(C)**

**4. यदि भूमध्य रेखा भारत के मध्य से गुजरती तो भारत की जलवायु होती –**
(A) उष्ण एवं आर्द्र (B) शीत व आर्द्र
(C) उष्ण व शुष्क (D) शीत व शुष्क **(A)**

**5. यदि पश्चिमी घाट नहीं होते तो पश्चिमी तटीय भाग में वर्षा होती-**
(A) अधिक (B) बिल्कुल नहीं
(C) कम (D) अनिश्चित **(C)**

